संपादकीय

# लाल सागर का संकट

अमेरिकी हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। हूती लगातार पश्चिमी जहाजों को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक फिर देखने को मिली है।

इस हफ्ते की शुरुआत के साथ यमन के अंसारुल्लाह गुट (जिसे हूती नाम से भी जाना जाता है) ने लाल सागर और आस पास के क्षेत्रों में जोरदार हमले किए हैं। अंसारुल्लाह के मुताबिक रविवार को अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश मालवाही जहाज पर उन्होंने मिसाइलें दागीं, जिनसे जहाज को गंभीर नुकसान पहुंचा। ब्रिटिश अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ब्रिटिश जहाज के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा है कि इस खबर की जांच कराई जा रही है। सोमवार को अंसारुल्लाह ने दो अमेरिकी जहाजों पर निशाना साधा। खबर है कि इन मिसाइलों से इन जहाजों को खासा नुकसान हुआ है। उन्होंने अमेरिका के एक हमलावर एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को भी मार गिराया। गजा में फिलस्तीनियों के नरसंहार के विरोध में हूतियों ने नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजराइल से किसी भी प्रकार से संबंधित जहाजों पर हमला करने का एलान किया था। इसके जवाब में पिछले महीने अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर हमले शुरू किए।

लेकिन इन हमलों की शुरुआत के महीने भर बाद यह साफ है कि हूतियों पर उसका कोई असर नहीं हुआ है। बल्कि उसके बाद से हूतियों ने ब्रिटेन और अमेरिका से संबंधित जहाजों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ऐसा करने की उनकी क्षमता किस हद तक बरकरार है, इसकी झलक इस हफ्ते फिर देखने को मिली है। इसका कारण यह बताया जाता है कि आठ साल तक सऊदी अरब से चले युद्ध के दौरान हूतियों ने अपने हथियारों और लड़ाकुओं को गुफाओं और पहाड़ों के बीच बने बंकरों में छिपा कर रखने का मजबूत इंतजाम किया हुआ है। अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू जहाजों को उन ठिकानों की टोह नहीं है। इस नाकामी से एक नौसैनिक शक्ति के रूप में अमेरिका और ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में सेंध लगी है। चूंकि कारोबारी जहाजों के लिए लाल सागर का रास्ता असुरक्षित हो गया है, तो उसका खराब असर अमेरिका और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं पर भी हो रहा है। इस रूप में इजराइल का हर हाल में समर्थन करने की नीति की महंगी कीमत पश्चिम को चुकानी पड़ रही है।

# भारत में व्यापारियों के बीच पेटीएम व इसके अग्रणी उपकरणों का जारी है उपयोग

**नई दिल्ली ।** वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) को देश भर के व्यापारी समुदाय से अपार समर्थन मिला है।

कंपनी द्वारा आयोजित एक सोशल मीडिया लाइवस्ट्रीम में मुंबई, पुणे, नोएडा, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद और बेंगलुरु सहित पूरे भारत के व्यापारियों ने अपनी पेटीएम यात्रा के बारे में बात की।




इस दौरान, व्यापारियों ने क्यूआर कोड स्कैनर, साउंडबॉक्स तकनीक और कार्ड मशीनों सहित पेटीएम के उपकरणों पर संतुष्टि व्यक्त की, जिनका वे 4-5 वर्षों से उपयोग कर रहे हैं।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए आश्वासन दिया कि वे पेटीएम के प्रतिष्ठित उपकरणों का उपयोग करना जारी रखेंगे।

मध्यम और छोटे उद्यमों सहित व्यापारी अपने ग्राहकों को परेशानी मुक्त खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए नए जमाने की भुगतान तकनीक को तेजी से अपना रहे हैं।

कंपनी ने क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं की शुरुआत की, इससे स्ट्रीट वेंडरों और छोटे व्यवसायों को मोबाइल भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाकर उनकी वृद्धि को सुविधाजनक बनाया गया।

नई दिल्ली के योगेश ने कहा कि वह 3-4 वर्षों से पेटीएम का उपयोग कर रहे हैं और उपकरणों का उपयोग करना जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा, मुझे उपकरणों के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने में कभी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। पेटीएम ने हर उपयोगकर्ता को सुविधा दी है।

उन्होंने कहा कि डिवाइस उपयोग में सुविधाजनक हैं और प्लेटफ़ॉर्म बेहतरीन ग्राहक सेवा प्रदान करता है।

व्यापारियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि उन्हें निपटान संबंधी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा, उन्होंने पेटीएम के प्रति अपना लगाव यह कहकर व्यक्त किया, पेटीएम करते रहो, आगे बढ़ते रहो।

पुणे के एक अन्य व्यापारी यासीर शेख ने कहा कि वह कई वर्षों से पेटीएम क्यूआर और साउंड बॉक्स का उपयोग कर रहे हैं और दोनों निर्बाध रूप से काम कर रहे हैं।

साथ ही, मुंबई के कार्तिक ने कहा, हमारे जैसे युवा उद्यमियों के लिए, पेटीएम के उत्पाद उपयोगकर्ता के अनुकूल, लागत प्रभावी हैं और भुगतान समाधान को आसान बनाते हैं।

हलचल भरे महानगरीय शहरों से लेकर भारत के सुदूर कोनों तक, पेटीएम ने मोबाइल भुगतान सेवाओं को देश के सबसे दूर-दराज के इलाकों तक भी पहुंचा दिया है।

पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारे व्यापारी भागीदार पेटीएम की सफलता की रीढ़ हैं, और हम उनके अटूट समर्थन के लिए आभारी हैं। हमारे अग्रणी उपकरण पेटीएम क्यूआर, साउंडबॉक्स और कार्ड मशीन हमेशा की तरह काम करते रहेंगे। हम एक मजबूत रिश्ते को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ब्राजील से 3 हजार टन उड़द का अतिरिक्त आयात, भाव गिरे



**जयपुर ।** उड़द का आयात होने से उड़द मोगर एवं छिलका दाल में तेजी को ब्रेक लग गया है। जयपुर मंडी में दिवाली से पूर्व साबुत उड़द का भाव 108 रुपए प्रति किलो था, जो कि वर्तमान में घटकर 95 रुपए प्रति किलो के आसपास रह गया है। सियाराम ब्रोकर्स के कांति कुमार ने बताया कि उड़द मोगर 115 से 125 रुपए तथा उड़द छिलका दाल 118 रुपए प्रति किलो थोक में बेची जा रही है।

कांति कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार ने ब्राजील से 3 हजार टन अतिरिक्त उड़द का आयात किया है। यह मात्रा पहले से इंपोर्ट की जा रही 20 हजार टन उड़द के अतिरिक्त है। आपको बता दें देश में उत्पादन में गिरावट आने की आशंका के मद्देनजर सरकार ने बीते नवंबर माह के दौरान ब्राजील के किसानों और कारोबारियों से अरहर एवं उड़द ज्यादा उगाने का अनुरोध किया था। ताकि उत्पादन के स्रोतों का विस्तार हो सके। इस बीच ब्राजील से 3 हजार टन उड़द भारत पहुंच चुका है। इसके अतिरिक्त इंपोर्ट किए जाने वाला 20 हजार टन उड़द इस साल भारत पहुंच जाएगा।

इसके साथ ही सरकार ब्राजील से इंपोर्ट बढ़ाने पर भी विचार कर रही है। भारत ने पिछले साल 3.1 मिलियन टन दालों का इंपोर्ट किया था। इसमें आधे से ज्यादा मात्रा मसूर दाल की थी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल उत्पादक देश है। इसके बावजूद खपत अधिक होने के कारण भारत को अरहर, मसूर और उड़द दाल का आस्ट्रेलिया, कनाड़ा, रूस, म्यांमार, मोजाम्बिक, तंजानिया, सूडान एवं मालावी से आयात करना पड़ता है। हालांकि भारत में वर्ष 2011 से डिमांड और सप्लाई के अंतर में कुछ सुधार आया है। मगर इसके बावजूद हर साल करीब तीन मिलियन टन दालों का इंपोर्ट करना पड़ता है।

# इंडियन वेल्स खिताब का डिफेंड करने कोर्ट पर लौटेंगे चोटिल अल्कराज

**नई दिल्ली।** चोट से जूझ रहे कार्लोस अल्कराज टेनिस के शिखर पर जाने के लिए बेताब हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि वो इंडियन वेल्स खिताब का डिफेंड करने के लिए जल्दी फिट हो जाएंगे। कार्लोस अल्कराज ने अपने सोशल मीडिया पर चोट की अपडेट शेयर की है। मंगलवार को थियागो मोंटियरो के खिलाफ रियो डी जनेरियो में अपने पहले मैच में अल्कराज चोटिल हो गए थे, इसके बाद उन्हें मैच को बीच में ही छोडऩा पड़ा। पूर्व विश्व नंबर 1 ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, इस चोट के बाद मेरे टखने का एमआरआई हुआ। मेरे डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट ने जांच के बाद बताया कि यह एक ग्रेड सेकेंड मोच है। इसके कारण मुझे कुछ समय के लिए कोर्ट से बाहर रहना पड़ेगा! लास वेगास और इंडियन वेल्स में मिलते हैं!इंडियन वेल्स में मौजूदा चैंपियन के रूप में अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 का बचाव करने के लिए विश्व नंबर 2 रैंकिंग के लिए जैनिक सिनर की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

# ईवी निर्माता रिवियन में 10 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माता रिवियन ने लागत में कटौती के लिए लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही की आय कॉल में नवीनतम कटौती की घोषणा की।




चौथी तिमाही की रिपोर्ट से पता चला है कि 2022 की तुलना में 2023 में दोगुने ईवी का उत्पादन और वितरण करने के बावजूद, कंपनी को अभी भी वर्ष के लिए 5.4 बिलियन डॉलर का घाटा हुआ है।

इसके अलावा, वर्ष 2024 के लिए, रिवियन को लगभग उतनी ही संख्या में वाहनों का उत्पादन करने का अनुमान है। लगभग 57 हजार वाहन। उसने 2023 में भी इतने ही वाहन का उत्पादन किया था। रिवियन के संस्थापक और सीईओ आरजे स्कारिंगे ने कहा, हम कारोबार में लागत दक्षता बढ़ाने, सकारात्मक मार्जिन हासिल करने और अपने दीर्घकालिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2023 की चौथी तिमाही में रिवियन का कुल राजस्व 1,315 मिलियन डॉलर था, जो 13,972 वाहनों की डिलीवरी से मिला। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए, कुल राजस्व 4,434 मिलियन डॉलर था, जो 50,122 वाहनों की डिलीवरी के बदले हासिल हुआ।

इसने चौथी तिमाही में 1.5 बिलियन डॉलर का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जो कि 2022 की समान तिमाही में दर्ज 1.72 बिलियन डॉलर के नुकसान से थोड़ा कम है। जुलाई 2022 के बाद से रिवियन की छंटनी का यह तीसरा दौर है, जब उसने अपने कर्मचारियों में 6 प्रतिशत की कमी की थी। फरवरी 2023 में, ईवी निर्माता ने अपने कार्यबल में 6 प्रतिशत की अतिरिक्त कटौती की।

# केंद्र सरकार ने ब्लॉक कराए पोस्ट और अकाउंट, एलन मस्क के एक्स ने किया बड़ा दावा


**नई दिल्ली ।** एलन मस्क के नेतृत्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने दावा किया है कि उसे केंद्र सरकार की ओर से कुछ खास अकाउंट्स और पोस्ट्स पर रोक लगाने का आदेश मिला था। पूर्व में ट्विटर कहे जाने वाले एक्स ने गुरुवार को यह दावा किया है। अब तक इस पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। एलन मस्क की कंपनी ने यह भी कहा कि भले ही सरकार से हमें ऐसा आदेश मिला था, लेकिन हम अभिव्यक्ति की आजादी के पक्षधर हैं। हम ऐसी रोक लगाने के खिलाफ हैं। हालांकि कंपनी ने यह भी कहा कि हम सरकार के आदेश से असहमत हैं, लेकिन उसका पालन भी कर रहे हैं।



ट्विटर के ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स अकाउंट की ओर से गुरुवार को तडक़े ही ट्वीट किया गया, 'भारत सरकार ने आदेश दिया है कि एक्स कुछ खास अकाउंट्स और पोस्ट्स पर ऐक्शन ले। यदि ऐसा नहीं किया गया तो पेनल्टी लगेगा और कैद तक की सजा होगी। इस आदेश का पालन करते हुए हम कुछ अकाउंट्स और पोस्ट्स पर रोक लगा रहे हैं। हालांकि हम इस बात से असहमत हैं। हमारा मानना है कि अभिव्यक्ति की आजादी बनी रहनी चाहिए। इस आदेश के खिलाफ हमने रिट भी दाखिल की है, जो अभी लंबित है। हमने अपनी नीति के तहत उन यूजर्स को नोटिस भी दिया है, जिनके खिलाफ ऐक्शन होना है।'

माइक्रो ब्लॉगिंग साइट के इस नए आरोप से केंद्र सरकार और सोशल मीडिया कंपनी के बीच नया विवाद छिड़ गया है। यह पहला मौका नहीं है, जब ट्विटर ने केंद्र सरकार के आदेशों से असहमति जताई है। इससे पहले 2021 में भी ट्विटर का यही रुख था। तब भी ट्विटर का कहना था कि सरकार के आदेश अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ हैं।

# इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए किया प्लेइंग इलेवन का एलान, रेहान अहमद और मार्क वुड बाहर




## 0-शोएब बशीर की हुई वापसी

**रांची।** इंग्लैंड ने शुक्रवार, 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया है. इंग्लैंड की टीम में ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की वापसी हुई है. वहीं तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को भी मौका मिला है. टीम से लेग स्पिनर रेहान अहमद और तेज गेंदबाज मार्क वुड की छुट्टी हो गई है.

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच कल (शुक्रवार) रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम खेला जाएगा. इस अहम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में शोएब बशीर की वापसी हुई है. ऐसे में सभी की नजरें उनपर ही रहेंगी. क्या वह अपने घरेलू फॉर्म को दोहराकर इंग्लैंड को सीरीज में जीवित रख पाएंगे. खैर, इसका जवाब रांची के मैदान पर मिलेगा.

इंग्लैंड ने खराब फॉर्म से जूझ रहे जॉनी बेयरस्टो को एक और मौका दिया है. वह रांची टेस्ट में भी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं. वहीं सीनियर तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी रांची टेस्ट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं. लेग स्पिनर रेहान अहमद की टीम से छुट्टी हो गई है. चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन- जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, बेन स्टोक्स (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, ओली रॉबिन्सन और जेम्स एंडरसन.

# आज का राशिफल

**मेष-** आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको परिवार के लोगों से सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ किसी तीर्थस्थल पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग टूर एंड ट्रेवलिंग का बिजनेस कर रहे हैं,उन्हें आज उम्मीद से अधिक फायदा होगा।

**वृष-** आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो शिक्षक हैं, वो आज छात्रों को कुछ नया सिखाएंगे। घर में किसी दर के रिश्तेदार के आने की संभावना बन रही है। आज शाम का समय परिवार के साथ बीतेगा।

**मिथुन-** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको खुद पर ध्यान रखने की जरूरत है। आज आप कोई चीज भूल सकते हैं। ऑफिस जाते समय सामान और जरूरी पेपर को लेना न भूलें। गुस्से पर काबू रखें, वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कर्क-** आज का दिन कुछ मिला-जुला रहने वाला है। आपका पूरा दिन भाग-दौड़ में बीतेगा। पेपर वर्क पूरा न होने से कोई जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है। पेपर वर्क पूरा होने पर कार्य पूरा भी हो जाएगा।

**सिंह-** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपना कॉन्फिडेंस कम न होने दें, मन लगाकर काम करें। उचित मेहनत से आपके काम में आई रुकावट से भी पार पा लेंगे। जो लोग कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं,उनका प्लान किसी कारण वश अंतिम समय में कैंसिल हो सकता है।

**कन्या-** आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस में कोई नया निवेश करने का विचार बना सकते हैं। आप अपनी रूटीन लाइफ में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। जीवनसाथी से किया हुआ कोई वायदा आज पूरा करेंगे।

**तुला-** आज का दिन ठीक रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में आपने कार्यों को लेकर सतर्क रहें। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

**वृश्चिक-** आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। परिवार के किसी खास व्यक्ति के बारे में आपको कुछ रोचक बात पता चल सकती है। आज आप ज्यादातर काम आसानी से निपटाने में सफल रहेंगे। आपका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ रहेगा।

**धनु-** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी। आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको कुछ अलग तरह के अनुभव हो सकते हैं।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। इस राशि के जो लोग लेखन के क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं उनके लिए आज अपनी प्रतिभा को निखारने का दिन है। आज किसी से बेवजह की बातें न करें, जितना हो सके विवाद से दूर रहें।

**कुंभ-** आज खुशियां खुद चलकर आपके सामने आएंगी। आपको किसी नए बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है, इसका आपको आने वाले दिनों में काफी फायदा होगा।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज बिजनेस में नए एग्रीमेंट होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। कई दिनों से घर में चल रही समस्या आज सुलझ जाएगी।

# शैतान का नया पोस्टर जारी, अजय देवगन और आर माधवन के बीच होगी भिड़ंत

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की अपकमिंग सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान' को लेकर लोग बहुत एक्साइटेड हैं. ये मूवी अगले महीने ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी. कुछ दिनों पहले ही 'शैतान' का टीजर लॉन्च हुआ था, जिसे बहुत पसंद किया गया. अब अजय देवगन ने 'शैतान' के ट्रेलर रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर की झलक भी दिखाई है.



अजय देवगन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'शैतान' का एक नया पोस्टर शेयर किया है, जिसमें आर माधवन और अजय देवगन का आधा-आधा चेहरा नजर आ रहा है. पोस्टर में अजय देवगन डरे हुए दिख रहे हैं. वहीं, आर माधवन के खूंखार लुक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. 'शैतान' का पोस्टर शेयर करते हुए अजय देवगन ने ट्रेलर की रिलीज डेट की जानकारी दी है.

उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जल्द ही शुरू होगी अच्छाई और बुराई की असली जंग. शैतान का ट्रेलर 22 फरवरी , 2024 को रिलीज होगा. फिल्म 8 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.' शैतान में एक्ट्रेस ज्योतिका भी अहम किरदार में नजर आएंगी. वहीं, फिल्म में आर माधवन का खूंखार खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे. फिल्म के डायरेक्टर विकास बहल हैं और इसमें अजय देवगन ने ना सिर्फ लीड रोल प्ले किया बल्कि वह इसके प्रोड्यूसर भी हैं.

# वेब सीरीज महारानी 3 का दमदार ट्रेलर जारी, दमदार अंदाज में दिखीं हुमा कुरैशी

हुमा कुरैशी की मचअवेटेड वेब सीरीज महारानी 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. इस ट्रेलर में एक बार फिर से हुमा कुरैशी दमदार रोल में वापसी कर रही हैं. ट्रेलर की शुरुआत जेल से होती है जहां पर रानी भारती से नेता बात करते हुए नजर आ रहे हैं. ट्रेलर में रानी भारती की सत्ता में वापसी और जेल से वापस बाहर आने की जद्दोदहज दिखाई गई है. इस ट्रेलर के साथ ही इसकी ओटीटी स्ट्रीमिंग का ऐलान भी कर दिया गया है. इस ट्रेलर में बिहार में जहरीली शराब का आतंक दिखाया गया है. इसमें दिखाया गया है कि जहरीली शराब पीकर कई लोगों की मौत हो गई है.



इस ट्रेलर में रानी दमदार डायलॉग बोलते हुए भी नजर आई, जो उनके फैंस को इंप्रेस कर रहा है. इसमें हुमा कुरैशी कहती दिखीं- बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं.

# यामी गौतम की आर्टिकल 370 की एडवांस बुकिंग शुरू

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों जबरदस्त चर्चा में हैं और हो भी क्यों ना, उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब इससे पहले आर्टिकल 370 की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। इस खबर की जानकारी खुद निर्माताओं ने दर्शको को दी है।बता दें, 23 फरवरी यानी सिनेमा प्रेमी दिवस के खास मौके पर आर्टिकल 30 का टिकट महज 99 रुपये में प्राप्त किया जा सकता है।




जियो स्टूडियो ने अपने एक्स हैंडल पर एडवांस बुकिंग शुरू होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, इतिहास बनने का गवाह बनें। अपना टिकट पहले से बुक करें। आर्टिकल 370 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।फिल्म में अरुण गोविल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका में दिखाई देंगे। प्रियामणि भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

फिल्म आर्टिकल 370 कश्मीर से अनुच्छेत 370 को हटाए जाने की कहानी पर है। ये फिल्म कश्मीर घाटी का हालात बयां करती नजर आएगी। इतना ही नहीं आर्टिकल 370 को हटाने में किस तरह के प्रयास और जटिलताएं सामने आई इसकी एक झलक भी देखने को मिलेगी।

इस फिल्म के निर्देशन की कमान आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है। इसकी कहानी यामी के पति-निर्देशक आदित्य धर ने लिखी है।

बता दें कि यामी गौतम मां बनने वाली हैं. इस बात का खुलासा कपल ने अपनी अपकमिंग फिल्म आर्टिकल 370 के ट्रेलर लॉन्च पर किया था. वहीं हाल ही में एक्ट्रेस ने इस खूबसूरत जर्नी को लेकर कई सारी बातें शेयर की हैं. उन्होंने कहा कि मैं अचानक से बहुत ज्यादा स्पेशल फील करने लगी हूं.


# शब्द सामर्थ्य- 342

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 341 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# सू-दोकू- 342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 341 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |